कम्युनलिजम वॉच

RAJIV GANDHI INSTITUTE FOR CONTEMPORARY STUDIES

खंड: 1, अंक-16 1 जून-30 जून, 2015

इस अंक में

सांप्रदायिक घटनाएं 3-8

सांप्रदायिक हिंसा और तनाव

- बरेलवी और देवबंदी में विवाद
- रजवी और सकलैनी गुटों में हिंसा
- फिरोजाबाद में सांप्रदायिक हिंसा
- मेरठ में सामान्य विवाद बना सांप्रदायिक हिंसा का कारण
- मेरठ में धार्मिक जुलूस के दौरान सांप्रदायिक संघर्ष
- बुलंदशहर मे हिंदू मुस्लिम तनाव में 8 लोग घायल
- बलिया में आपसी विवाद में सांप्रदायिक हिंसा
- लखनऊ में दो समुदायों के बीच हिंसा
- सहारनपुर में सांप्रदायिक हिंसा में एक की मौत
- मुजफ्फरनगर में सांप्रदायिक तनाव
- शामली में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने की मुस्लिम युवक की पिटाई
- कासगंज में मामूली विवाद में सांप्रदायिक संघर्ष
- सोशल साइट की पोस्ट से फैजाबाद में तनाव
- बिहार में धर्मस्थल को लेकर हुए विवाद में हिंसा
- राजगीर में प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन में धार्मिक स्थलों पर हमला
- जमीन का मामूली विवाद बना सांप्रदायिक का कारण
- ग्वालियर में मूर्ति को नुकसान पंहुचाने से तनाव
- धार में सांप्रदायिक तनाव
- पुलिस फायरिंग में सिख की मौत के बाद तनाव
- एपी हेतुवादुला संगम की मीटिंग में विहिप ने की तोड़-फोड़
- वड़ोदरा में सांप्रदायिक दंगा
- राजस्थान में हिंदूवादी संगठनों ने अफवाहों के बाद की हिंसा
- केरल में ईसाईयों पर हमला
- ऊधम सिंह नगर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने की मार-पीट
- केरल में हिंसा भड़काने की कोशिश
- पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक हिंसा
- भिवानी में चर्च पर हमला

सांप्रदायिक रणनीति 9-13

सांप्रदायिक संगठन

- सरकारी नीतियों की आलोचना के कारण आईआईटी ने लगाया प्रतिबंध
- हिंदू संगठनों ने दूसरे धर्म में शादी को लव जिहाद से जोड़ा
- गुजरात में विहिप ने गढा लव जिहाद का मुद्दा
- राम मंदिर निर्माण के लिए विहिप की योजना
- संस्कृति मंत्रालय ने किया रामायण संग्रहालय का प्रस्ताव
- गोवा में प्रतिबंध के बाद भी मुतालिक ने स्काइप से दिया भाषण
- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया दस लाख नए सदस्यों को जोड़ने का दावा
- सेन्ट्रल बोर्ड आन एडुकेशन में भाजपा से जुड़े लोगों की नियुक्तियां
- एनसीईआरटी के प्रकाशन विभाग में भाजपा से जुड़े अंबा चरण की नियुक्ति
- एझवा समुदाय के वोट बैंक पर विहिप की नजर
- हिंदू युवावाहिनी ने कराया 100 दलित ईसाईयों का धर्मांतरण
- रमजान के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश
- मुस्लिम होने के कारण नहीं दे रहे किराए का घर
- हसन में दलित और मुस्लिमों को नहीं मिलता किराए पर घर

शिक्षा का भगवाकरण

- शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने तैयार किया वैदिक गणित का पाठ्यक्रम
- राजा सुहेलदेव को हिंदू नायक बनाने का प्रलाप
- हिंदू जनजागृति ने की कान्वेंट स्कूलों को प्रतिबंधित करने की मांग

अतिवादी लेखन

- योग का साम्प्रदायीकरण,ईसाई बदलें अपना तौर-तरीका, इतिहासकारों ने किया हिन्दुओं का अपमान

न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया 14-15

- हिंदू महासभा की नेता के खिलाफ एफआईआर
- इंदौर अदालत ने विहिप नेता को जारी किया सम्मन
- कर्नाटक सरकार ने सांप्रदायिक हिंसा के दर्ज केस वापस लिए
- उत्तरप्रदेश में सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक तनाव पैदा करने पर सख्त कार्यवाई का आदेश
- मद्रास हाइकोर्ट ने भेजा मानव संसाधन विकास मंत्रालय को नोटिस
- बाबू बजरंगी की जमानत याचिका खारिज
- देश भक्त नाथूराम गोडसे पर अदालत की रोक
- दंगा पीड़ितों को प्रशासन दे रहा है लाइसेंसी बंदूक

सांप्रदायिक कथन 13-14

- मंदिर निर्माण पर साक्षी महाराज की बयानबाजी
- प्रवीण तोगड़िया ने की हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग
- हिंदू महासभा का योग और राम मंदिर मुद्दे पर भड़काऊ बयान
- अखिल भारतीय हिंदू महासभा का महिला विरोधी बयान
- प्रवीण तोगड़िया ने योग को दिया सांप्रदायिक रंग

सांप्रदायिक सौहार्द के प्रयास 16

- 20 साल तक मुस्लिम बच्ची का पालन-पोषण किया
- मुस्लिम बहुल इलाके में शांति से रहते हैं हिंदू परिवार
- मुस्लिम अध्यापक ने बनवाया सरस्वती का मंदिर

कम्युनलिजम वॉच

RAJIV GANDHI INSTITUTE FOR CONTEMPORARY STUDIES

खंड: 1, अंक-16 1 जून-30 जून, 2015

सांप्रदायिक घटनाएं

सांप्रदायिक हिंसा

घटनाएं	सम्मिलित संगठन/ समूह	दिनांक और घटना स्थल
सांप्रदायिक तनाव		
उत्तरप्रदेश में सांप्रदायिक घटनाएं		
बरेलवी और देवबंदी में विवाद उत्तर प्रदेश के बरेली में मस्जिद कुतुबखाना पर नियंत्रण को लेकर मुस्लिमों के देवबंदी और बरेलवी संप्रदायों में विवाद बढ गया। पिछले इमाम इम्तियाज को यौन दुराचार के आरोप में गिरफ्तारी के बाद नए इमाम को नियुक्त किया गया था। देवबंदियों का आरोप था कि इम्तियाज को बरेलवियों ने मस्जिद पर नियंत्रण पाने के लिए साजिश से फंसाया है। http://www.thehindu.com/news/national/other-states/bareilly-on-edge-as-muslim-sects-clash/article7272611.ece Date Accessed: 2/6/2015	देवबंदी, बरेलवी	मई-जून 2015, बरेली
रजवी और सकलैनी गुटों में हिंसा उत्तर प्रदेश के बरेली में मुस्लिमों के रजवी और सकलैनी समुदायों के लोग आपस में भिड़ गए। यह दोनों बरेलवी के ही अंग हैं। इस टकराव में करीब दो दर्जन लोग घायल हुए। सकलैनियों का जलसा चल रहा था। किसी बात को लेकर रजवी और सकलैनी आमने सामने आ गए। http://www.jagran.com/uttar-pradesh/lucknow-city-communal-tension-in-firozabad-one-dozen-injured-.12420233html Date Accessed: 1/6/2015	रजवी, सकलैनी	28/6/2015 बरेली
फिरोजाबाद में सांप्रदायिक हिंसा उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में हिंदुओं और मुस्लिमों में मामूली विवाद के बाद ईंट-पत्थर चले और तमंचे से कुछ फायरिंग हुई। इसमें एक दर्जन लोग घायल हुए। इस मामले में एक गली के बाहर कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। दूसरे संप्रदाय के लोगों ने विरोध किया, जिसके बाद पथराव हुआ। इसी बीच कुछ लोगों ने सब्जी के ठेले वाले से मार-पीट की, जिसके बाद तनाव और बढ़ गया। http://www.jagran.com/uttar-pradesh/lucknow-city-communal-tension-in-firozabad-one-dozen-injured-.12420233html Date Accessed: 1/6/2015	स्थानीय समुदाय	29/6/2015 फिरोजाबाद
मेरठ में सामान्य विवाद बना सांप्रदायिक हिंसा का कारण मेरठ में टेंपों में बैठने को लेकर दो गुटों के बीच तनातनी ने सांप्रदायिक रंग ले लिया। करीब एक	स्थानीय समुदाय	2/6/2015 मेरठ

घंटे तक फायरिंग हुई। इस बीच पुलिस मूकदर्शक बनी रही। फौरी तौर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामला निपटा दिया, लेकिन दोनों पक्षों में आक्रोश बढ़ता रहा। http://www.jagran.com/uttar-pradesh/meerut-city-.12438164html Date Accessed: 3/6/2015		
मेरठ में धार्मिक जुलूस के दौरान सांप्रदायिक संघर्ष उत्तर प्रदेश के मेरठ के घंटाघर इलाके में शब-ए-बारात के जश्न के दौरान हुए सांप्रदायिक संघर्ष में दर्जन भर लोग घायल हो गए। इस घटना के लेकर हुई हिंसा में मेरठ और बुलंदशहर के इलाकों में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। http://indiatoday.intoday.in/story/communal-tension-panic-western-up-meerut-shab-e-barat/1/442316.html Date Accessed: 5/6/2015	स्थानीय धार्मिक समूह	3/6/2015 मेरठ
बुलंदशहर मे हिंदू मुस्लिम तनाव में 8 लोग घायल उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में आधी रात गाने बजाने पर हिंदू और मुस्लिम भिड़ गए, जिसमें 8 लोग घायल हो गए। यह मामला तब शुरू हुआ, जब मूलचंद सैनी के बेटे वीरेंद्र की शादी में जा रहे मेहमानों पर किसी ने पत्थर फेंके। एक पत्थर 7 साल के बच्चे तुषार सैनी को लगने से मामला भड़क गया। इसके बाद लोगों ने मस्जिद में घुसकर 4 युवकों की पिटाई की, जिन पर कथित तौर पर पत्थर फेंकने का आरोप था। http://indiatoday.intoday.in/story/communal-tension-panic-western-up-meerut-shab-e-barat/1/442316.html Date Accessed: 5/6/2015	स्थानीय धार्मिक समूह	(तारीख अस्पष्ट) मेरठ
बलिया में आपसी विवाद में सांप्रदायिक हिंसा उत्तर प्रदेश के बलिया में सामान्य मुद्दे पर शुरू हुए विवाद में 2 लोग घायल हो गए। यह मामला तब शुरू हुआ, जब राज मंगल गुप्ता ने अपने पड़ोसी मोहम्मद अली हुसैन को नाली में बालू डालने से रोका। दोनों पक्ष हिंसक हो उठे। कथित तौर पर अली हुसैनी की बीवी सफिया खातून ने दूसरे पक्ष पर एसिड फेंका, जिससे राज मंगल समेत दो लोग घायल हो गए। http://zeenews.india.com/news/uttar-pradesh/clash-in-ballia-security-stepped-up_1606706.html Date Accessed: 3/6/2015	स्थानीय समुदाय	3/6/2014 बलिया
लखनऊ में दो समुदायों के बीच हिंसा लखनऊ के दो इलाकों में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को लेकर दो समुदायों के बीच भिड़ंत हुई। पथराव और फायरिंग में कुछ लोग घायल हुए। एक फंक्शन में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को लेकर अलग-अलग समुदाय के दो लोगों के बीच बहस हुई, जो इस झगड़े में बदल गई। http://news.webindia.123com/news/Articles/India/.2604866/20150530html Date Accessed: 1/6/2015	स्थानीय समुदाय	29/6/2014 लखनऊ
	स्थानीय	(तारीख

कम्युनलिजम वॉच

RAJIV GANDHI INSTITUTE FOR CONTEMPORARY STUDIES

खंड: 1, अंक-16 1 जून-30 जून, 2015

बरेली में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्तर प्रदेश के बरेली में 2 जगहों पर सांप्रदायिक तनाव रहा। भमोरा में कब्रिस्तान की चारदीवारी बनाने को लेकर विवाद हुआ। रिठोरा में कुछ युवकों ने वॉट्सऐप ग्रुप पर भड़काऊ चीजें पोस्ट कीं, जिसे लेकर दो संप्रदायों में तनाव हुआ। http://www.jagran.com/uttar-pradesh/bareilly-city-12485345.html Date Accessed: 16/6/2015	समुदाय	अस्पष्ट) भमोरा, रिठोला बरेली उत्तरप्रदेश
सहारनपुर में सांप्रदायिक हिंसा में एक की मौत उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के रामपुर मनिहारन कस्बे में छेड़छाड़ को लेकर 28 जून की रात दो संप्रदायों के बीच हुए पथराव और गोलीबारी में एक युवक की मृत्यु हो गई और तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। http://rajasthanpatrika.patrika.com/story/state/one-person-death-in-communal-violence-in-saharanpur-1197871.html Date Accessed: 28/6/2015	स्थानीय समुदाय	28/6/2015 सहारनपुर उत्तरप्रदेश
मुजफ्फरनगर में सांप्रदायिक तनाव मुजफ्फरनगर में दो समुदायों के बीच झगड़ा हुआ। यह झगड़ा रोडवेज की बस में बैठने से शुरू हुआ और जल्द ही सांप्रदायिक तनाव में बदल गया। बड़ी संख्या में लोग बस स्टेशन पर पहुंच गए। पुलिस पर फायरिंग भी हुई। पुलिस ने लोगों को हटाने के लिए हल्का लाठी-चार्ज किया। http://news.webindia.123com/news/Articles/India/.2618383/20150616html Date Accessed: 15/6/2015	स्थानीय समुदाय	तारीख अस्पष्ट मुजफ्फरनगर
शामली में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने की मुस्लिम युवक की पिटाई शामली के बेनत इलाके में रहने वाले रियाज (42) को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने 25 जून को बछड़ा चोरी करने का आरोप लगाकर सरेआम पिटाई की। आरोपों के आधार पर पुलिस ने रियाज को चोरी और पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में बजरंग दल के जिला संयोजक सहित छह लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया गया था। http://indianexpress.com/article/india/india-others/shamli-bajrang-dal-workers-beat-up-muslim-man-for-stealing-calf/ Date Accessed: 30/6/2015	बजरंग दल	25/6/2015 शामली
कासगंज में मामूली विवाद में सांप्रदायिक संघर्ष कासगंज के भीम सहावर में 26 जून को एक छोटे से मुद्दे पर दो समुदायों में झड़प हो गई। इस दौरान हुई पत्थरबाजी में तीन लोग घायल हो गए। http://naidunia.jagran.com/national-alert-by-ib-on-communal-tensions-in-up-to-center-406277 Date Accessed: 30/6/2015	स्थानीय समुदाय	26/6/2015 कासगंज
सोशल साइट की पोस्ट से फैजाबाद में तनाव जून की 27 रात फेसबुक पर एक धार्मिक स्थल का आपत्तिजनक फोटो पोस्ट किया गया ,जिसको लेकर सांप्रदायिक तनाव की स्थिति बन गयी। प्रदर्शनकारियों ने मौके पर पहूंची पुलिस के बज्र वाहन को भी तोड़ने की कोशिश की। साम्प्रदायिक माहौल खराब करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।	स्थानीय समुदाय	27/6/2015 फैजाबाद

http://navbharattimes.indiatimes.com/metro/lucknow/other-news/saharanpur-shamali-continued-tension-in-faizabad/articleshow/47855369.cms Date Accessed: 30/6/2014		
बिहार में सांप्रदायिक घटनाएं **बिहार में धर्मस्थल को लेकर हुए विवाद में हिंसा** बिहार में एक धर्मस्थल को लेकर 2 समुदायों के बीच कुछ दिन से तनातनी चल रही थी। दोनों तरफ से सैकड़ों लोगों के आमने-सामने आने के बाद कहा-सुनी हुई और कुछ लोगों ने मुखिया का पुतला फूंक दिया। फिर पथराव हुआ और एक तरफ से फायरिंग के बाद दूसरी तरफ से भी फायरिंग हुई। http://www.jagran.com/bihar/patna-city-clashed-between-two-communities-in-bihata-.12453232html Date Accessed: 7/6/2015	स्थानीय समुदाय	7/6/2015 बिहटा थाना क्षेत्र, कटेसर, बिहार
राजगीर में प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन में धार्मिक स्थलों पर हमला बिहार के राजगीर में प्रशासन से एक मैदान को थियेटर शो और मलमास मेले के लिए इस्तेमाल करने की इजाजत न मिलने पर ईदगाह और 7 कब्रों को नुकसान पहुंचाया गया। प्रदर्शनकारियों में ज्यादातर स्थानीय व्यापारी थे। http://indianexpress.com/article/india/india-others/communal-tension-in-rajgir-over-annual-mela/ Date Accessed: 6/6/2015	स्थानीय व्यापारी	4/6/2015 राजगीर, बिहार
जमीन का मामूली विवाद बना सांप्रदायिक का कारण बिहार के जहानाबाद में जमीन को लेकर शुरू हुए विवाद से सांप्रदायिक तनाव और हिंसा की स्थिति बन गयी। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जहानाबाद बंद का आयोजन किया। http://abpnews.abplive.in/ind/2015/06/28/article632770.ece/Jahanabad-tension Date Accessed: 28/6/2015	स्थानीय समुदाय, विहिप, बजरंग दल	27/6/2015 जहानाबाद, बिहार
मध्यप्रदेश में सांप्रदायिक घटनाएं **ग्वालियर में मूर्ति को नुकसान पंहुचाने से तनाव** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हनुमान मूर्ति से छेड़छाड़ पर तनाव हो गया। किसी ने मूर्ति की आंखें निकाल लीं। इसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। http://www.patrika.com/news/gwalior/gwalior-an-out-of-eyes-of-a-hanuman-sculpture-/1049947 Date Accessed: 10/6/2015	अज्ञात	9/6/2015 ग्वालियर मध्यप्रदेश
धार में सांप्रदायिक तनाव मध्य प्रदेश के धार कस्बे में दीवारों पर लगे भड़काऊ पोस्टरों की वजह से सांप्रदायिक तनाव फैल गया। ये पोस्टर बड़ी संख्या में लगे हुए थे। इन पर एक समुदाय को लेकर आपत्तिजनक बातें लिखी हुई थीं। पोस्टर लगे होने की जानकारी के बाद भारी संख्या में लोग जुट गए और पुलिस स्टेशन में इसकी शिकायत की गई। http://timesofindia.indiatimes.com/city/bhopal/Communal-tension-spread-in-Dhar-town-after-inflammatory-posters/articleshow/.47668339cms? Date Accessed: 14/6/2015	अज्ञात	14/6/2015 धार, मध्यप्रदेश

पुलिस फायरिंग में सिख की मौत के बाद तनाव जम्मू में पुलिस फायरिंग में एक सिख के मरने के बाद कर्फ्यू और तनाव रहा। लोगों को प्रदर्शन में जुटाने से रोकने के लिए प्रशासन ने इंटरनेट सर्विस तक बंद करवा दी। प्रदर्शनकारियों ने जम्मू-पठानकोट और जम्मू-आरएस पुरा हाइवे समेत कई सड़कें बंद करवा दीं। हिंसा में एक पुलिसवाले को चाकू घोंपा गया और उसकी एके-47 राइफल छीन ली गई। http://www.thehindu.com/news/national/jammu-continues-to-be-tense/article.7287557ece Date Accessed: 6/6/2015	स्थानीय सिख समुदाय, स्थानीय पुलिस	5/6/2015 जम्मू
एपी हेतुवादुला संगम की मीटिंग में विहिप ने की तोड़-फोड़ आंध्र प्रदेश के कडापा में कुछ तर्कवादी (रैशनलिस्ट) समूहों की मीटिंग के दौरान उस वक्त तनाव हो गया, जब विश्व हिंदू परिषद ने मीटिंग का उद्देश्य केवल हिंदुओं को निशाना बनाना बताया। इसके बाद एपी हेतुवादुला संगम और वीएचपी में खूब बयानबाजी हुई। संगठनों के पर्चे भी फाड़े गए। http://www.newindianexpress.com/states/andhra_pradesh/Tension-at-Rationalists-Meeting/2015/06/01/article2843740.ece Date Accessed: 1/6/2015	एपी हेतुवादुला संगम, विश्व हिंदू परिषद	1/6/2015 कडापा आंध्रप्रदेश
वड़ोदरा में सांप्रदायिक दंगा गुजरात के वडोदरा में एक मंदिर में शिव की मूर्ति के साथ नुकसान पाए जाने के बाद लोगों ने प्रदर्शन और पथराव किया। गुजरात में वडोदरा के सर्वेश्वर महादेव मंदिर में शिव की मूर्ति के साथ नुकसान पाए जाने के बाद लगातार सांप्रदायिक झड़पें और दंगे हुए। एक जगह पर भीड़ ने मुस्लिम परिवार के घर को आग लगाने की कोशिश की। http://indianexpress.com/article/india/india-others/shiva-idol-found-damaged-tension-in-vadodara/ http://indianexpress.com/article/cities/ahmedabad/uneasy-calm-in-vadodara-after-clashes/ http://www.bhaskar.com/news/GUJ-VAD-OMC-communal-riots-in-fatehpura-area-of-vadodara-5016663-PHO.html Date Accessed: 11/6/2015	स्थानीय समुदाय	7/6/2015 वड़ोदरा, गुजरात
राजस्थान में हिंदूवादी संगठनों ने अफवाहों के बाद की हिंसा राजस्थान के नागौर जिले में सोशल मीडिया के जरिए यह अफवाह फैली कि बड़ी संख्या में गायों को मार कर हजारों लोगों को खिलाया जाएगा। कुछ लोगों ने गायों के शव और आग पर चढ़े बड़े बर्तनों की तस्वीरें अपलोड कर दीं और यह दावा किया कि किसी आयोजन में गाय का मांस खिलाया जाने वाला है। दक्षिणपंथी संगठनों ने प्रदर्शन और बंद का आयोजन किया। http://twocircles.net/2015jun09/1433829882.html#.VX_dzPmqqkr Date Accessed: 9/6/2015	हिंदूवादी संगठन	30/6/2015 नागौर राजस्थान
केरल में ईसाईयों पर हमला केरल के तिरुवनंतपुरम में ईसाइयों के एक प्रार्थना समूह पर हमले के मामले में 5 लोग गिरफ्तार किए गए। कथित तौर पर इनका संबंध बीजेपी और आरएसएस से है।	भाजपा, आरएसएस	14/6/2015 तिरूवनंतपुरम , केरल

http://www.thehindu.com/news/cities/Thiruvananthapuram/attack-on-prayer-group-five-held/article7320493.ece Date Accessed: 16/6/2015		
ऊधम सिंह नगर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने की मार-पीट उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर के एक अस्पताल में पानी लेने गई एक लड़की को सुरक्षा गार्ड ने रोका और एक थप्पड़ मार दिया। यह पता चलने पर लड़की की तरफ से एक युवक ने गार्ड को पीट दिया। लड़की और गार्ड अलग-अलग संप्रदाय के थे। गार्ड के समर्थन में बजरंग दल के कार्यकर्ता उतर आए और लड़की के घर में घुसकर परिजनों से मारपीट की। http://www.jagran.com/uttarakhand/udhamsingh-nagar-tension-between-two-communities-for-water-12485951.html?src=HUK Date Accessed: 16/6/2015	बजरंग दल	(तारीख अस्पष्ट) ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड
केरल में हिंसा भड़काने की कोशिश केरल के उडुमा में सांप्रदायिक हिंसा भड़काने की कोशिश की गयी। प्रशासन ने इस मामले में कार्यवाई की और शांति स्थापित करने का प्रयास किया। http://www.thehindu.com/news/national/kerala/bid-to-foment-communal-trouble-near-uduma/article7290923.ece Date Accessed: 7/6/2015	अज्ञात	(तारीख अस्पष्ट) उडुमा, केरल
पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक हिंसा समुद्रगढ़ में 4 जून को एक संप्रदाय से जुड़ी हिंसक भीड़ ने दूसरे समुदाय की दुकानों और घरों को निशाना बनाया। पिछले चार महीनों में इस तरह के छः हमले हो चुके हैं। http://www.newsx.com/regional/4666-exclusive-majority-community-under-attack-again-in-west-bengal-bjp-blames-tmc-of-playing-communal-politics Date Accessed: 13/6/2015	स्थानीय समुदाय	4/6/2015 समुद्रगढ, पश्चिम बंगाल
भिवानी में चर्च पर हमला भिवानी के नया बाजार स्थित चर्च पर चार अज्ञात युवकों ने पथराव किया और फरार हो गए। पथराव से मुख्य गेट पर लगा क्रॉस भी टूट गया। इस मामले में हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है। http://www.tribuneindia.com/news/haryana-village-tense-over-conversion/100084.html Date Accessed: 30/6/2015	अज्ञात	28/6/2015 भिवानी, हरियाणा

सांप्रदायिक रणनीतियां	
सांप्रदायिक संगठन	
रणनीतियां	**सम्मिलित संगठन**
सरकारी नीतियों की आलोचना के कारण आईआईटी ने लगाया प्रतिबंध आईआईटी मद्रास ने कैंपस में आंबेडकर पेरियार स्टूडेंट सर्किल को प्रतिबंधित कर दिया। आईआईटी मद्रास को भेजी गयी शिकायत में आंबेडकर पेरियार स्टूडेंट सर्किल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना हिंदी और गो मांस के प्रतिबंध से जुड़े विवादों पर चर्चा कर एससी-एसटी के छात्रों को भड़काने का आरोप था। http://timesofindia.indiatimes.com/home/education/news/IIT-Madras-bans-student-group-for-criticising-PM-Modi-his-policies/articleshow/47463535.cms Date Accessed: 1/6/2015	आईआईटी मद्रास
हिंदू संगठनों ने दूसरे धर्म में शादी को लव जिहाद से जोड़ा मध्यप्रदेश के रीवा में दो बच्चों के पिता ने अन्य समुदाय की लड़की से विवाह का हिंदू संगठनों ने विरोध किया। बजरंग दल ने विवाह को लव जिहाद बताया। इस घटना में हिंदू संगठनों के साथ संबंधित परिवारों के साथ झड़प भी हुई। http://naidunia.jagran.com/madhya-pradesh/rewa-rewa-love-jihad-case-388871 Date Accessed: 15/6/2015	बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठन
गुजरात में विहिप ने गढा लव जिहाद का मुद्दा गुजरात के खेड़ा जिले में दक्षिणपंथी संगठन विहिप ने लव जिहाद का मुद्दा बनाते हुए कहा था कि 42 वर्षीय मुस्लिम व्यक्ति ने 21 साल की हिंदू लड़की को शादी के जरिए धर्मांतरित किया है। हालांकि लड़की का एक वीडियो सामने आया, जिसमें उसने कहा था कि उसने अपनी इच्छा से शादी की है और इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। http://indianexpress.com/article/india/gujarat/vhp-begins-love-jihad-stir-after-alleged-abduction-of-girl-by-bootlegger-in-gujarat/ http://www.deccanherald.com/content//484002kidnapped-gujarat-girl-denies-love.html Date Accessed: 17/6/2015	विश्व हिंदू परिषद
राम मंदिर निर्माण के लिए विहिप की योजना अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की बात दुहराते हुए विहिप ने कहा कि वह यहां मंदिर निर्माण के लिए आवश्यक पत्थर एकत्रित करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएगी। विहिप इसके लिए हिंदुओं से सहयोग मांगेगी। विहिप नेता अशोक सिंघल ने मुस्लिम समुदाय से कोई अड़चन पैदा नहीं करने के लिए भी कहा है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय अगर शांति से रहना चाहता है तो उसे अयोध्या, मथुरा और काशी पर से अपना दावा छोड़ देना चाहिए। http://www.thehindu.com/news/vhp-ram-temple-stones-muslims/article.7325600ece Date Accessed: 17/6/2015	विश्व हिंदू परिषद

संस्कृति मंत्रालय ने किया रामायण संग्रहालय का प्रस्ताव केंद्र के संस्कृति मंत्रालय ने वित्त मंत्रालय को अयोध्या में रामायण संग्रहालय बनाने का प्रस्ताव भेजा है और संग्रहालय बनाने के लिए 120 करोड़ रुपये की मांग की है। खबर में कहा गया है कि ये फैसला आरएसएस से चर्चा करने के बाद लिया गया है। यह संग्रहालय 2017 तक पूरा किया जाना है। 2017 में ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव है। http://khabar.ndtv.com/news/india/before-ram-mandir-there-is-ramayan-museum-in-ayodhya-772258 Date Accessed: 25/6/2015	राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, संस्कृति मंत्रालय, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, राष्ट्रीय संग्रहालय
गोवा में प्रतिबंध के बाद भी मुतालिक ने स्काइप से दिया भाषण गोवा में प्रतिबंध के बाद भी श्रीराम सेना के प्रमुख प्रमोद मुतालिक ने गोवा में हिंदू राष्ट्र निर्माण के लिए आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन को संबोधित किया। अपने संबोधन में मुतालिक ने गोवा सरकार के खिलाफ बोलते हुए कहा कि, भाजपा सरकार ने एक सच्चे हिंदू कार्यकर्ता को गोवा में आने पर प्रतिबंधित किया है। http://timesofindia.indiatimes.com/city/goa/Mutalik-addresses-Hindu-convention-on-Skype-from-Hubli/articleshow/.47699351cms Date Accessed: 17/6/2015	श्रीराम सेना
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया दस लाख नए सदस्यों को जोड़ने का दावा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दावा किया है कि पिछले एक साल के दौरान 10 लाख नए लोग सदस्य बने हैं और छात्र सदस्यों की संख्या 31.75 लाख हो गयी है। कर्नाटक और तेलंगाना में सबसे ज्यादा सदस्य बने हैं, जिनकी संख्या क्रमश: 5.83 लाख और 4.4 लाख है। http://indianexpress.com/article/cities/lucknow/enrolled-10-lakh-new-members-in-last-one-year-abvp/ Date Accessed: 3/6/2015	अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद
सेन्ट्रल बोर्ड आन एडुकेशन में भाजपा से जुड़े लोगों की नियुक्तियां भाजपा से जुड़े श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन के डायरेक्टर अनिर्बान गांगुली और भाजपा सांसद परेश रावल की पत्नी स्वरूप संपत को सेन्ट्रल एडवाइजरी बोर्ड आन एडुकेशन (CABE) के लिए नामांकित किया गया है। पुनर्गठित सीएबीई के लिए कुल 19 सदस्य नामांकित किए गए हैं। http://www.outlookindia.com/news/article/bjpaffiliated-body-director-ahmedabad-mps-wife-nominated-to-cabe/902626 Date Accessed: 18/6/2015	सेन्ट्रल बोर्ड आन एडुकेशन, मानव संसाधन विकास मंत्रालय
एनसीईआरटी के प्रकाशन विभाग में भाजपा से जुड़े अंबा चरण की नियुक्ति भाजपा के मुखपत्र कमल संदेश से जुड़े रहे अंबा चरण वशिष्ठ को एनसीईआरटी ने प्रकाशन विभाग में नियुक्ति की गयी है। http://timesofindia.indiatimes.com/india/70-year-old-with-links-to-BJP-magazine-now-NCERT-consultant/articleshow/47607959.cms? Date Accessed: 10/6/2015	एनसीईआरटी

एझवा समुदाय के वोट बैंक पर विहिप की नजर विहिप नेता प्रवीण तोगड़िया ने केरल के अलप्पुझा में आयोजित श्री नारायणा धर्म प्रतिपालन योगम में बोलते हुए कहा कि अगर एझवा समुदाय के लोगों के खिलाफ कोई भी टिप्पणी की गयी तो पूरा हिंदू समुदाय इसके खिलाफ प्रतिक्रिया देगा। केरल में एझवा समुदाय सीपीआई (एम) का पारंपरिक वोट बैंक रहा है। http://indianexpress.com/article/india/india-others/love-jihad-controversy-vhp-extends-support-to-ezhava-community-in-kerala/ Date Accessed: 18/6/2015	विश्व हिंदू परिषद
हिंदू युवावाहिनी ने कराया 100 दलित ईसाईयों का धर्मांतरण उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 100 दलित ईसाई युवकों का वापस हिंदू धर्म में धर्मांतरण करवाया गया। गोरखपुर से भाजपा सांसद आदित्यनाथ के संगठन हिंदू युवा वाहिनी की ओर से दलित बस्ती मोहद्दीपुर में आयोजित समारोह में धर्मांतरण हुआ। वाहिनी के राज्य महासचिव राम भुवाल कुशवाहा ने चार पादरियों और कुछ ननों पर नकदी और घर देने का लालच देकर दलितों को ईसाई बनाने का आरोप लगाया है। http://www.deccanherald.com/content/-100/485893dalit-christians-re-convert.html Date Accessed: 29/6/2015	हिंदू युवा वाहिनी
रमजान के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश हैदराबाद में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने रमजान को सांप्रदायिक तनाव का रंग देते हुए शबे बारात वाले दिन शरारती मुस्लिम युवकों से लोगों की 'रक्षा' करने की घोषणा की है। यह साफ है कि हिंदूवादी संगठन इस तरह की रणनीति के जरिए सांप्रदायिक स्थिति बिगाड़ना चाहते हैं। http://timesofindia.indiatimes.com/city/hyderabad/Jaagne-ki-raat-is-an-act-of-worship/articleshow/47535177.cms Date Accessed: 4/6/2015	विहिप, बजरंग दल
मुस्लिम होने के कारण नहीं दे रहे किराए का घर मुंबई में मिस्बाह कादरी ने आरोप लगाया है, "मुस्लिम होने की वजह से उसे वडाला की संघवी हाइट्स बिल्डिंग में किराये पर घर नहीं दिया जा रहा है। मिस्बाह के अनुसार, "ब्रोकर ने उन्हें कहा कि इस अपार्टमेंट की सोसायटी में मुस्लिम किरायेदारों को रहने की अनुमति नहीं है।" http://www.thehindu.com/news/national/no-flat-for-her-in-mumbai-because-she-is-muslim/article.7248607ece Date Accessed: 7/6/2015	स्थानीय अपार्टमेंट सोसायटी
हसन में दलित और मुस्लिमों को नहीं मिलता किराए पर घर कर्नाटक के हसन में दलितों और मुस्लिमों को लोग अपने घरों में किराएदार नहीं बनाना चाहते हैं। घरों के मालिक लोगों को किराएदार बनाने से पहले उनकी जाति और धर्म जानना चाहते हैं और दलित या मुस्लिम होने पर अपना घर नहीं देते हैं। http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/finding-a-house-in-hassan-is-not-easy-for-muslims-dalits/article.7266695ece Date Accessed: 1/6/2015	स्थानीय समाज (हसन ,कर्नाटक)

शिक्षा का भगवाकरण	
शिक्षा का भगवाकरण **शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने तैयार किया वैदिक गणित का पाठ्यक्रम** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संग से जुड़ें संगठन शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने देश भर के स्कूलों में वैदिक गणित के लिए पाठ्यक्रम तैयार किया है। संगठन की मांग है कि नेशनल काउंसिल फॉर एडुकेशनल रिसर्च और ट्रेनिंग इसे देश भर के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाए। फिलहाल इसे मध्यप्रदेश के झाबुआ , उत्तरप्रदेश के मेरठ जिले में इस सत्र से लागू किया जा रहा है। http://www.deccanherald.com/content//481279rss-outfit-wants-vedic-maths.html Date Accessed: 3/6/2015	शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास
राजा सुहेलदेव को हिंदू नायक बनाने का प्रलाप केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछड़ी जाति के नायक के तौर पर पहचाने जाने वाले राजा सुहेलदेव पासी को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। विहिप नेता अशोक सिंघल ने इसी कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि राजा सुहेलदेव को दलित के बजाय हिंदू नायक के तौर पर देखना चाहिए। http://timesofindia.indiatimes.com/india/Rajnath-Singh-says-rewrite-history-to-honour-forgotten-heroes/articleshow/47622641.cms Date Accessed: 11/6/2015	विहिप, भाजपा सरकार
हिंदू जनजागृति ने की कान्वेंट स्कूलों को प्रतिबंधित करने की मांग हिंदू जनजागृति समिति द्वारा गोवा में आयोजित आल इंडिया हिंदू कन्वेंशन में कान्वेंट स्कूलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गयी। इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि कान्वेंट स्कूलों में पढने वाले हिंदुओं को भारतीय परिधान पहनने, मेंहदी लगाने, फूल, दुपट्टा, बिंदी लगाने की मनाही है, इसे रोका जाना चाहिए। http://www.firstpost.com/india/goa-convention-hindu-organisations-demand-ban-convent-schools-.2300046html Date Accessed: 17/6/2015	हिंदू जनजागृति समिति

<table>
<tr><th colspan="2">अतिवादी लेखन</th></tr>
<tr><td>

योग का साम्प्रदायीकरण

मौजूदा केन्द्रीय सरकार द्वारा योग को प्रोत्साहित करने के प्रयासों में उसका साम्प्रदायिकरण करना चर्चा का विषय रहा है। सरकार ने इस पर सफाई भी दी है लेकिन आर्गनाईजर के हालिया अंक में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि योग हिन्दू धर्म का अभिन्न अंग है।
http://organiser.org//Encyc/2015/6/13/Cover-Story---Om---Integral-part-of-Yog.aspx?NB=&lang=3&m1=&m2=&p1=&p2=&p3=&p4=

ईसाई बदलें अपना तौर-तरीका

आर्गनाईजर के हालिया अंक के एक लेख में पिछले दिनों ईसाईयों पर हो रहे हमले तथा गुड फ्राईडे जैसे विवादों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जब गल्फ देशों में ईसाई रविवार को काम कर सकते हैं तो भारत में वे क्यों एडजस्ट नहीं करते हैं।
http://organiser.org//Encyc/2015/6/13/Opinion--Have-Christians-turned-%E2%80%98neo%E2%80%94Muslims%E2%80%99-.aspx
दिनांक: 21जून 2015, खंड:66, अंक:50

इतिहासकारों ने किया हिन्दुओं का अपमान

आर्गनाईजर के 51 वें अंक के एक लेख में नेहरू द्वारा प्रोत्साहित सेक्युलर तथा समाजवादी इतिहास लेखन की आलोचना करते हुए कहा गया कि ऐसे इतिहासकारों के लेखन ने हिंदुओ को अपमानित किया है।
http://organiser.org//Encyc/2015/6/29/History-Textbooks--A-Tale-of-Two-Ghaznavis.aspx
दिनांक:5 जुलाई 2015, खंड:67, अंक:51
</td><td>आर्गेनाइजर</td></tr>
</table>

<table>
<tr><th colspan="2">सांप्रदायिक कथन</th></tr>
<tr><td>

मंदिर निर्माण पर साक्षी महाराज की बयानबाजी

साक्षी महाराज ने कहा है, ‘‘यह निश्चित है कि राम मंदिर भाजपा शासन में बनेगा। अगर यह आज नहीं बना तो यह कल बनेगा या परसों। हमने सत्ता में केवल एक साल पूरा किया है, चार और साल अभी बाकी हैं।’’
http://www.jansatta.com/national/sakshi-maharaj-says-ram-tample-will-be-built-in-bjp-tenure-modi-govt-has-4-more-years/28665/
Date Accessed: 7/6/2015
</td><td>भाजपा</td></tr>
<tr><td>

प्रवीण तोगड़िया ने की हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग

विहिप के नेता प्रवीण तोगड़िया ने भारत सरकार से मांग की है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करना चाहिए।
http://indiatoday.intoday.in/story/pravin-togadia-india-hindu-nation-vishwa-hindu-parishad/1/443554.html
Date Accessed: 10/6/2015
</td><td>विहिप</td></tr>
</table>

हिंदू महासभा का योग और राम मंदिर मुद्दे पर भड़काऊ बयान हिंदू महासभा की पूर्वउपाध्यक्ष साध्वी देवा ठाकुर ने हरियाणा में बोलते हुए कहा है कि सूर्य नमस्कार का विरोध करने वाले को देश से बाहर कर देना चाहिए। मंदिर निर्माण पर बोलते हुए देवा ठाकुर ने बयान देते हुए कहा है कि मंदिर निर्माण के फैसले का अधिकार न्यायालय और सरकार को नहीं है। http://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/international-yoga-day-centre-took-step-to-appease-muslims-says-sadhvi-sadhvi-deva-thakur/articleshow/47619428.cms Date Accessed: 10/6/2015	हिंदू महासभा
अखिल भारतीय हिंदू महासभा का महिला विरोधी बयान अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मपाल सिवाच ने कहा कि दुष्कर्म और छेड़छाड़ के ज्यादातर मामले फर्जी होते हैं। 80 प्रतिशत महिलाएं सहमति से दुष्कर्म कराती हैं। इसके अलावा बेकसूर लोगों को फंसा दिया जाता है। पुरुषों को अपनी बात रखने के लिए महिला आयोग की तर्ज पर पुरुष आयोग का गठन कराना चाहिए। http://www.hindustantimes.com/haryana/entertaining-rape-complaints-of-women-in-live-in-relations-senseless-hindu-mahasabha/article1-1357503.aspx Date Accessed: 11/6/2015	अखिल भारतीय हिंदू महासभा
प्रवीण तोगड़िया ने योग को दिया सांप्रदायिक रंग विहिप नेता प्रवीण तोगड़िया ने योग के दौरान अल्लाह शब्द का इस्तेमाल हिंदुओं द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बुलंदशहर में तोगड़िया ने कहा, "योग के दौरान अल्लाह शब्द का इस्तेमाल से भगवान शिव का अपमान होगा। सूर्य नमस्कर करते हुए 'ओम' शब्द का उच्चारण करना योग का अहम हिस्सा है।जिन्हें ओम शब्द और सूर्य नमस्कार से एलर्जी हैं, उन्हें बीमारियों के साथ जीना चाहिए। " http://abpnews.abplive.in/ind/2015/06/15/article619132.ece/sakshi_maharaj_praveen_togadiya Date Accessed: 11/6/2015	विश्व हिंदू परिषद

न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया

हिंदू महासभा की नेता के खिलाफ एफआईआर

हिंदू महासभा की नेता साध्वी देवा ठाकुर के खिलाफ श्रीनगर में प्राथमिकी दर्ज की गई है। श्रीनगर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वीएस भाउ ने जमीयत ए अहले हदीस के पूर्व सचिव ए आर भट की अर्जी पर विचार करते हुए मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।

http://www.dailykashmirimages.com/news-case-registered-against-sadhvi-over-her-anti-muslim-remarks-.81119aspx
Date Accessed: 16/6/2015

इंदौर अदालत ने विहिप नेता को जारी किया सम्मन

महात्मा गांधी पर विवादित टिप्पणी करने वाली विहिप नेता प्राची को इंदौर अदालत ने सम्मन जारी किया है और 30 जुलाई से पहले अदालत के सामने पेश होने को कहा है।
http://timesofindia.indiatimes.com/city/indore/Anti-Mahatma-rant-Local-court-summons-Sadhvi-Prachi/articleshow/47488243.cms
Date Accessed: 1/6/2015

कर्नाटक सरकार ने सांप्रदायिक हिंसा के दर्ज केस वापस लिए

विवादित निर्णय में कर्नाटक की राज्य सरकार ने 2009 और 2010 के दौरान मैसूर, शिवमोगा और हसन जिले में दर्ज 175 केस वापस ले लिए। इसके तरहत 1,614 लोगों पर मामला दर्ज किया गया था

http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/karnataka-withdraws-175-cases-related-to-communal-violence/article7272692.ece
Date Accessed: 2/6/2015

उत्तरप्रदेश में सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक तनाव पैदा करने पर सख्त कार्यवाई का आदेश

उत्तरप्रदेश सरकार ने जिला प्रशासन को आदेश जारी करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाली तस्वीरों आदि को लेकर सचेत रहें और गैंगस्टर एक्ट और नेशनल सेक्युरिटी एक्ट के तहत कार्यवाई करें। सरकार की ओर से यह आदेश रमजान के दौरान फैजाबाद और मेरठ में हुए तनाव के मद्देनजर लिया गया है।

http://news.webindia123.com/news/Articles/India/20150629/2629647.html
Date Accessed: 29/6/2015

मद्रास हाइकोर्ट ने भेजा मानव संसाधन विकास मंत्रालय को नोटिस

मद्रास हाइकोर्ट की मदुरै बेंच ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय को नोटिस भेजकर कहा है कि अल्पसंख्यक अधिकारों में हस्तक्षेप न करें। इस संबंध में एक याचिका दाखिल की गयी थी।

http://timesofindia.indiatimes.com/india/Saffronisation-of-education-Madras-HC-issues-notice-to-HRD-ministry/articleshow/47816833.cms?from=mdr
Date Accessed: 25/6/2015

बाबू बजरंगी की जमानत याचिका खारिज

गुजरात के 2002 के नरौदा पाटिया दंगा मामले में उम्र कैद की सजा प्राप्त विश्व हिंदू परिषद के नेता बाबू बजरंगी ने अपनी नियमित जमानत याचिका पर हाई कोर्ट ने कहा कि आवेदन खारिज किया जाना चाहिए क्योंकि सिर्फ चिकित्सीय आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती। बजरंगी ने हाई कोर्ट में आंख की बीमारी के इलाज के लिए चिकित्सीय आधार पर नियमित जमानत की मांग के साथ, सजा को निलंबित करने का अनुरोध किया था।

http://www.dnaindia.com/india/report-naroda-patia-riot-convict-babu-bajrangi-withdraws-bail-plea-from-gujarat-hc-2097059
Date Accessed: 19/6/2015

देश भक्त नाथूराम गोडसे पर अदालत की रोक

अखिल भारतीय हिंदू महासभा की निर्माणाधीन फिल्म 'देश भक्त नाथूराम गोडसे' के प्रदर्शन पर पुणे की अदालत ने रोक लगा दिया है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत पाटिल ने याचिका दायर किया था।

http://www.thehindu.com/news/national/other-states/film-on-godse-banned/article7307111.ece
Date Accessed: 12/6/2015

दंगा पीड़ितों को प्रशासन दे रहा है लाइसेंसी बंदूक

मुजफ्फरनगर दंगों के मुख्य पीड़ित के रिश्तेदारों में दो साल बाद भी भय का माहौल बना हुआ है। पीड़ित के कावलपुर और मलिकपुर गांवों में रहने वाले छह रिश्तेदारों ने बंदूक के लाइसेंस के लिए आवेदन किया हुआ है। पुलिस रिकॉर्ड्स के मुताबिक दंगों के बाद से कावलपुर गांव में 30 और मलिकपुर गांव में तीन लोगों को बंदूक के लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं।

http://indianexpress.com/article/india/india-others/in-muzaffarnagar-kin-of-first-victims-rush-to-arm-themselves/
Date Accessed: 3/6/2015

सांप्रदायिक सौहार्द के प्रयास

20 साल तक मुस्लिम बच्ची का पालन-पोषण किया

पूर्णिया जिले के उपेंद्र गुप्ता को 20 साल पहले चार वर्ष की उम्र में शब्बो मिली थी। गरीबी के कारण उसके परिजनों ने शब्बो का परित्याग कर दिया था। उपेन्द्र गुप्ता ने मुस्लिम प्रथाओं के साथ शब्बो का पालन-पोषण किया और बड़े होने पर मुस्लिम लड़के के साथ उसकी शादी भी की।

http://khabar.ndtv.com/news/india/hindu-man-brought-up-a-muslim-girl-and-married-her-to-a-groom-from-her-own-community-767844
Date Accessed: 2/6/2015

मुस्लिम बहुल इलाके में शांति से रहते हैं हिंदू परिवार

अहमदाबाद एक ऐसा शहर है जहां हिंदू-मुस्लिम दंगों के बाद दोनों संप्रदायों के लोग अलग-अलग बस्तियों में रहने लगे थे। एशिया की सबसे बड़ी मुस्लिम बस्ती जहुपूरा में 'जलक' अकेला हिंदू अपार्टमेंट है, जहां लगभग 35 हिंदू परिवार शांति से रहते हैं।

http://navbharattimes.indiatimes.com/state/gujarat/ahmedabad/the-safest-hindu-abode-in-ahmedabad-lies-in-muslim-ghetto/articleshow/.47488767cms
Date Accessed: 1/6/2015

मुस्लिम अध्यापक ने बनवाया सरस्वती का मंदिर

गुजरात में रिटायर्ट टीचर अब्दुल वोरा ने एक अनूठी पहल करते हुए सरस्वती का मंदिर बनवाया है। यह मंदिर गांव के स्कूल में है।

http://navbharattimes.indiatimes.com/state/gujarat/ahmedabad/retired-muslim-teacher-helps-build-saraswati-temple-in-school/articleshow/47631402.cms
Date Accessed: 11/6/2015

Connect with RGICS at: info@rgics.org; www.rgics.org

सूचना: यह केवल निजी प्रसार के लिए है। सभी लेख, खबरें मूल लेखों और खबरों का सार-संक्षेप है और इनके शीर्षकों में कहीं-कहीं बदलाव किया गया है। मूल लेखों और खबरों के विस्तार के लिए साथ में लिंक भी दिए गए हैं।